# शासकीय महाविद्यालय खेरथा, जिला – बालोद (छ.ग.)

## –:: स्वच्छ भारत समर इंटर्नशीप कार्यक्रम ::–


### द्वितीय चरण :– दिनांक – 10 जून से 31 जूलाई 2019

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छ भारत समर इंटर्नशीप द्वितीय चरण के अंतर्गत महाविद्यालय स्तर पर प्राचार्य महोदय के मार्गदर्शन मे महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों तथा छात्र–छात्राओं के द्वारा स्वछता हेतु निरंतर कार्य करने का निश्चय किया गया। सभी सदस्यों तथा छात्र–छात्राओं ने स्वच्छता बनाये रखने तथा अपने आसपास के लोगों को भी इस हेतु प्रेरित करने का प्रण लिया गया। इसी के साथ स्वच्छता को ही सेवा मानकर कार्य करने का स्वच्छ भारत समर इंटर्नशीप का द्वितीय चरण का शुभारंभ किया गया।

स्वच्छ भारत समर इंटर्नशीप (द्वितीय चरण) के शुभारंभ के पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी, सहयोगी स्टाफ, स्वयंसेवकों और छात्र–छात्राओं के द्वारा स्वच्छता कालखंड का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत सभी कक्षाओं के छात्र–छात्राओं के द्वारा क्रमानुसार महाविद्यालय परिसर, कक्षाओं तथा मैदान की साफ–सफाई का कार्य किया गया। महाविद्यालय के मैदान में उगे हुए खरपतवारों की विशेष रूप से सफाई की गई। सभी छात्र–छात्राओं ने आगामी समय में इसी प्रकार निरंतर महाविद्यालय परिसर की सफाई बनाये रखने के लिए कार्य करने का वचन दिया गया।

कार्यक्रम अधिकारी
रा.से.यो.
शासकीय महाविद्यालय खेरथा
जिला-बालोद (छ.ग.)

Principal,
Govt. College, Khertha
Distt. Balod (C.G.)









महाविद्यालय के साथ–साथ गोद ग्राम रामनगर (खेरथा) के तालाब एवं बस्ती के आस पास भी स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

स्वच्छता कार्य हेतु पंजीकृत 50 स्वयंसेवकों के अतिरिक्त महाविद्यालय के अन्य छात्र–छात्राओं ने भी अपना योगदान दिया तथा अपने गांव में भी स्वच्छता बनाए रखने के लिए अपना योगदान देने का प्रण भी लिया।

(स्वच्छता कार्य संबंधी कुछ फोटोग्राफ उपर दिए गए है।)

Govt. College Khertha
Khertha
Distt. Balod
Balod (C.G.)

Principal,
Govt. College, Khertha
Distt. Balod (C.G.)

# कार्यालय कलेक्टर जिला बालोद (छ.ग)

**Email zp-balod.cg@nic.in Phone & Fax No-07749223917**


क्रमांक / 1915 / जि.पं. / स्व.भा.मि. / 2019–20 बालोद, दिनांक 24/6/19

प्रति

1. प्रभारी अधिकारी,
लीड कालेज, बालोद जिला – बालोद (छ.ग.)
2. प्रभारी अधिकारी,
नेहरू युवा केन्द्र जिला – बालोद (छ.ग.)
3. प्राचार्य,
...................................................................

बालोद जिला – बालोद (छ.ग.)

विषयः– Swachh Bharat Summer Internship 2.0′ के संबंध में।
संदर्भः– मिशन संचालक रा.स्व.भा.मि. का पत्र क. 263 दिनांक 22.06.19।

—00—

उपरोक्त संदर्भित विषायांतर्गत लेख है, कि भारत सरकार, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय का उपरोक्त संदर्भित पत्र आपके अवलोकन हेतु प्रस्तुत है। उक्त पत्र के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) के उद्देश्यों की पूर्ती हेतु युवाओं को मिशन से जोड़ने के लिए विगत वर्ष Swachh Bharat Summer Internship चलाया गया था। उक्त Internship के दौरान पूरे देश से हजारों छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग कर Internship को सफल बनाया था।

2/ Swachh Bharat Summer Internship 2018 की सफलता के दृष्टिगत Swachh Bharat Summer Internship 2.0′ लांच किया गया है, यह Internship नेहरू युवा केन्द्र एन.एस.एस. (D/o Youth Affairs) एवं एन.सी.सी. (D/o defence) के युवा सदस्यों द्वार कुल 50 घंटों हेतु 10 जून, 2019 से 31 जुलाई, 2019 के दौरान चलाया जाना है।

3/ Swachh Bharat Summer Internship 2.0′ के दौरान समस्त पात्र Interns द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक एवं जैविक अपशिष्टों के प्रबंधन हेतु कार्य किया जाना है चंकि Swachh Bharat Summer Internship 2.0′ दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक कचरे का प्रबंधन एक महत्वपूर्ण गातिविधि होगी। अतः इस दौरान संग्रहित प्लास्टिक कचरे को सीमपस्थ संग्रहण केन्द्र तक पहुँचाए जाने एवं उचित निपटान हेतु सर्व–संबंधितों को निर्देशित करें।

4/ इस इन्टर्नशीप का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वच्छता के प्रति संवेदनशील बनाना एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागृति लाना है। अतः इन्टर्नशीप में अधिक से अधिक युवाओं द्वारा प्रतिभाग किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें। जिले में नेहरू युवा केन्द्र एन.सी.सी. एवं एन.सी.सी. अंतर्गत वर्तमान में पंजीकृत युवाओं की जानकारी हेतु प्रपत्र तैयार कर प्रेषित किया जा रहा है, उक्त प्रपत्र में चाही गई जानकारी 25 जून, 2019 तक प्रेषित करवाएं जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नः– यथोपरि

कलेक्टर
जिला बालोद (छ.ग.)

पृ.क्र. / 1916 / जि.पं. / स्व.भा.मि. / 2019–20 बालोद, दिनांक 24/6/19

प्रतिलिपि

1. मिशन संचालक राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, की ओर सूचनार्थ।
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत – बालोद ,जिला–बालोद (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत (सर्व) ,जिला–बालोद (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

Govt. College Khertha Distt. Balod (C.G.)

Principal,
Govt. College, Khertha
Distt. Balod (C.G.)

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय खेरथा जिला–बालोद छ0ग0

क्रं0 446 /2016 खेरथा दिनांक 7 /12/2016

प्रति,

प्राचार्य,
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
बालोद छ0ग0।

विषयः– स्वीप कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के कैंपस एंबेसडर एवं प्रभारी प्राध्यापक का नाम प्रेषण ।

संदर्भ :– आपका ई–मेल दिनांक 7 / 12 / 2016

संदर्भित निर्देशानुसार इस महाविद्यालय से जानकारी निम्न है :–

1. कैंपस एंबेसडर
   1. श्री योगेश चन्द्राकर पिता श्री रविन्द्रनाथ कक्षा एम0ए0 पूर्व राजनीति विज्ञान ग्रा0 खेरथा बाजार तह0 डौंडी लोहारा जिला बालोद छ0ग0।
   2. कु0 खुशबूलता पिता श्री गिरधारी लाल कक्षा एम0ए0 पूर्व राजनीति विज्ञान ग्रा0 खपराभाट तह0 डौंडी लोहारा जिला बालोद छ0ग0।
2. प्रभारी प्राध्यापक स्वीप

   श्री यासर कुरैशी सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र
   शासकीय महाविद्यालय खेरथा जिला बालोद
   मो0 नं0 9981426786

(डॉ0 आलोक मिश्रा)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय खेरथा
जिला–बालोद छ0ग0

पृ0क्रं0 449 /2016 खेरथा दिनांक 7 /12/2016

प्रतिलिपिः–

1. आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय नया रायपुर छ0ग0।

(डॉ0 आलोक मिश्रा)
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय खेरथा
जिला–बालोद छ0ग0

Govt. College Khertha
Khertha
Distt. Balod
Balod (C.G.)

Principal,
Govt. College, Khertha
Distt. Balod (C.G.)

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय खेरथा ,जिला –बालोद (छ.ग.)

email:- govtcollege_khertha@rediffmail.com http://www.govtcollegekhertha.in


क्रं. / 2021 खेरथा, दिनांक 10 / 07 / 2021

## प्रेस विज्ञपत्ति
## भूतपूर्व विद्यार्थी सम्मेलन

आज दिनांक को शासकीय महाविद्यालय खेरथा जिला बालोद में भूतपूर्व छात्र / छात्राओं की बैठक रखी गई। बैठक का उद्देश्य शासकीय महाविद्यालय खेरथा में एल्युमिनी एसोसियेशन का गठन करना तथा भूतपूर्व विद्यार्थियों को महाविद्यालय विकास में भागीदारी बनाना था। प्राचार्य महोदय के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय मूल्यांकन तथा प्रत्यायन परिषद नई दिल्ली के नियमों के अधीन एल्यूमिनी एसोशियन का गठन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए श्री उमेश पाठक सहायक प्राध्यापक भूगोल ने एसोसियेशन गठन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होने एसोसियेशन गठन का कारण, उसके उद्देश्य तथा महाविद्यालय एवं भूतपूर्व विद्यार्थियों दोनो को होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य श्री यासर कुरैशी ने भूतपूर्व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों तथा नवाचारों की जानकारी दी। उन्होने कहा कि भूतपूर्व विद्यार्थियों के सहयोग से महाविद्यालय विकास के लिए प्रयास करेगें। महाविद्यालय, विद्यार्थियों तथा स्वयं के हित के लिए एसोसियेशन से जुडकर कार्य करने का उन्होंने आह्वान किया। भूतपूर्व विद्यार्थी ज्योति साहू, हिमांशु, नागेश, अंकित, नोहर, आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर महाविद्यालय के एल्युमिनी एसोसियेशन के विभिन्न पदाधिकारियों का सर्व सम्मति से निर्वाचन किया। जिसमें अध्यक्ष योगेश्वर निषाद, उपाध्यक्ष योगेश चन्द्राकर, सचिव नोहर सिंह निषाद, कोषाध्यक्ष उदय निषाद, संयुक्त सचिव ज्योति साहू को चुना गया।

गठन पश्चात भूतपूर्व विद्यार्थी तथा महाविद्यालय स्टाफ द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर डॉ. चन्द्र कुमार गजभिये, कोमल राम रावटे, मनोज साहू, अमित अग्रवाल, डोमन साहू, देवप्रभा साहू, दीपक हरिहारणो, भूतपूर्व छात्रों में नागेश, दीपक प्रजापति, शीतल, डिलेश, प्रकाश उपस्थित रहे।

Govt. College Khertha
Khertha
Distt. balod
Balod (C.G.)

Principal,
Govt. College, Khertha
Distt. Balod (C.G.)

# रक्त परिक्षण शिविर

शास. महा. खेरथा मे दिनांक 21-12-17 को प्राचार्य महोदयजी के निर्देशन मे रेडक्रास के माध्यम से महाविद्यालय मे अध्ययनरत छात्र छात्राओ का रक्त परीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डौण्डी लोहारा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. अविनाश मेश्राम के आदेशानुसार प्रयोगशाला तकनीशियन श्री सुनील निषाद एंव स्टाफ नर्स की टीम द्वारा रक्त परीक्षण किया गया। सभी विद्यार्थियो को रक्त समूह एंव Hb का परीक्षण कर रिपोर्ट कार्ड वितरित किया गया। प्रयोगशाला तकनीशियन सुनिल निषाद द्वारा रक्त दान करने हेतु छात्र/छात्राओ को प्रोत्साहित किया गया। रक्तदाता को उम्र 18 से कम एंव 55 वर्ष कम 45 kg एंव Hb 12gm से अधिक होने की जानकारी दी गई। दाता के रक्त का नमुना लेकर HIV, HbsAg, HCV, VDRL एंव MP जाच अनिवार्य रूप से किया जाता है। परीक्षण मे सही पाये जाने के पश्चात ही रक्त को रोगी को चढाया जाता है। रक्त चढाते समय दाता एंव ग्राही का रक्त समुह समान होना आवश्यक है। महाविद्यालय मे 188 छात्र छात्राओ का रक्त परीक्षण किया गया।

Govt. College Khertha
Khertha
Distt. Balod

Principal,
Govt. College, Khertha
Distt. Balod (C.G.)

स्टाफ नर्स द्वारा लड़कियों में होने वाले खून की कमी के बारे में बताया गया। आयरन की कमी के अलावा सिकल सेल एनीमिया के बारे में विस्तार से बताया गया। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने एवं खानपान में विशेष ध्यान देने की बात कही गई। शिविर के दौरान महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी/ अधिकारी के साथ बड़ी संख्या में महा. के छात्र/ छात्राएं उपस्थित होकर स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लिया।

1. [illegible] —
2. श्री उमेश पाठक — [signature]
3. श्री अनिल राजपूत — [signature]
4. श्री हितेन्द्र वर्मा — [signature]
5. श्रीमती देवप्रभा साहू — [signature]
6. श्री हेम नारायण देवांगन — [signature]
7. श्री दीपक सिंह — [signature]

[signature]
प्राचार्य

[signature]
Principal,
Govt. College, Khe...
Distt. Balod (C.G.)

Govt. College Khertha
Khertha
Distt. Balod
Balod (C.G.)